# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## दिसम्बर संस्करण 2017




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## पक्के 12 अवैध कब्जे हटाये गय

**भिलाईनगर/**निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर आज जोन 04 शिवाजी नगर वार्ड 38 के अंतर्गत जोन आयुक्त, राजस्व अमला, डम्पर, जेसीबी, तोड़फोड़, विद्युत कर्मचारियों के साथ पावर हाउस, बस स्टैंण्ड पंडित रविशंकर शुक्ल मार्केट में भेजा कब्जाधारियों को हटाये जाने की मुहिम की शुरुआत की गई। कब्जा हटाये जाने के पूर्व चिन्हित अतिक्रमणकारियों को नियमानुसार नोटिस जारी किया गया था आज कुल 12 भेजा कब्जाधारियों जो पक्के निर्मित एवं एसी सीट वाले कब्जा को हटाया गया। आशीष इंटरनेशनल होटल एवं पेट्रोल पम्प के बीच पक्का निर्मित 03 कब्जा हटाये गये। जोन 04 अनुविभाग शिवाजी नगर कार्यालय के अंतर्गत वार्ड 38 में दोपहर 2 बजे से पुलिस अमला के साथ पक्के निर्माण कर कब्जाधारियों को हटाये जाने की मुहिम की शुरुवात की गई। पावर हाउस, बस स्टैंण्ड पंडित रविशंकर शुक्ल मार्केट में अवैध कब्जाधारियों को चिन्हित कर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नोटिस जारी किया गया था तथा जोन के अधिकारियों के द्वारा उन्हे अवैध कब्जा खाली करने की समझाईस पूर्व में दी गई थी उक्त अवैध कब्जा धारियों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था तथा चार पहिया वाहन वालों को भी उस रास्ते से निकलने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था आज ऐसे कब्जाधारी जो पक्के निर्माण कर कब्जा कर रखे थे उन सभी का अतिक्रमण बेदखल किया गया तथा जोन आयुक्त के द्वारा अवैध कब्जाधारियों को सक्त निर्देश दिये गये की पुनः उस स्थान पर कब्जा न करें अन्यथा उनपर निगम प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जावेगी।



## साम्प्रदायिक सद्भाव आयोजित हुआ निगम, भिलाई में

**भिलाईनगर/** देश में साम्प्रदायिक सद्भाव बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार द्‍वारा 19 नवम्बर 2017 से 25 नवम्बर 2017 तक विशेष साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह आयोजित करने का दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके तहत् नगर निगम, भिलाई के जोन 01 नेहरु नगर भेलवा तालाब के प्रांगण में साम्प्रदायिक सद्भाव संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न धर्म साम्प्रदाय, क्षेत्र, भाषा-भाषी लोग सम्मिलित हुए। वक्ताओं में लक्ष्मीकांत तिवारी हास्य एवं योग क्लब संस्थापक का कहना था कि भिलाई में एक मिनी भारत की छवि बसती है जिसमें वर्षो से प्रेम सौहार्द्र पूर्वक निवासरत् है पुरे देश में भिलाई की मिशाल दी जाती है सभी भाषा मजहब के लोग एक साथ मिलकर अपने तीज त्योहारों को राष्ट्रीय एकता की भावना से मनाते हैं। । लखनऊ से आये देवेन्द्र मणी त्रिपाठी ने बताया कि इन्ही कमियों को दुर करने के लिए ही राष्ट्रीय स्तर पर साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में लाॅफिंग क्लब के सदस्य दीपक साहू, शिवनारायण मोदी, राधे गोविन्द साडा, दीपक पाण्डेय, विजय कुमार सेठी, अनिल कुमार भारतद्‍वाज, राजकुमार भल्ला, आर्ट आॅफ लिविंग संस्था से प्रमोद कुमार जैन, एमडी दीवान, अशोक दुबे, भागचंद जैन, प्रवीण जैन, गुरुद्‍वारा कमेटी से सरदार हरजीत सिंह, नगर निगम भिलाई से जोन आयुक्त संजय बागड़े, सचिव जीवन वर्मा, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



**“77 एम.एल.डी. जलशुद्धिकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य को महापौर परिषद् के समस्त सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से निगोसेशन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।“**

**भिलाईनगर/**नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर श्री देवन्द्र यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद् की बैंठक में सिर्फ एक प्रस्ताव आज 77 एम.एल.डी. जलशुद्धिकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य के आय प्रस्ताव को निविदा दर न्यूनतम दर से अधिक प्रतिक होने को लेकर इस प्रस्ताव को उपस्थित समस्त सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से निगोसेशन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर परिषद् की बैंठक के प्रारंभ में निगम सचिव के द्वारा संक्षेपिका पढ़कर प्रस्तुत किया गया। आज की बैंठक में 77 एम.एल.डी. जलशुद्धिकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य के संबंध में 77एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र में 08 फिल्टर बेड है 05 नग फिल्टर बेड बदलने के कार्य हेतु राशि रू. 26.01 लाख (छब्बीस लाख एक हजार रूपये) मात्र का प्राक्कलन तैयार किया गया है। जिसकी तकनीकि स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रण की अनुमति आयुक्त महोदय के द्वारा प्रदान की गई थी। प्रथम निविदा निरस्त कर पुनः द्वितीय एवं तृतीय निविदा आमंत्रण का संकल्प महापौर परिषद् द्वारा 23 जुलाई2016 को किया गया हैं। कार्य की चतुर्थ निविदा ई-प्राक्र्यूमेंट निविदा टेण्डर सूचना 13 सितम्बर 2017 को जारी की गई। जिसमें दो निविदाकारों ने भाग लिया। पहला निविदाकार में. किरन कन्सट्रक्शन नेहरू नगर भिलाई रू. 35,56,681.40 रूपये आइटम दर प्रस्तुत किया गया। दूसरा मे. आर.आर. साहु नेहरू नगर भिलाई ने रू. 42,05,906.00 रूपये आइटम दर प्रस्तुत किया गया था। मे. किरन कन्सट्रक्शन नेहरू नगर द्वारा प्रस्तुत दर प्रथम न्यूनतम है। इसी प्रकरण में पूर्व तृतीय निविदा में कार्य हेतु मेसर्स वाय.आर. सिंह द्वारा रू. 24,00,336.00 मात्र दर प्रस्तुत की गई थी। अतः प्राप्त न्यूनतम दर अधिक प्रतित होती है। अतः निविदादाता से दर समझौता वार्ता करने की अनुशंसा निविदा एव ंक्रय समिति द्वारा 02 नवम्बर 2017 को की गई। 77 एम.एल.डी जलशुद्विकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य में मेसर्स किरन कन्सट्रक्शन नेहरू नगर, भिलाई से दर समझौता वार्ता करने की अनुमति हेतु प्रकरण महापौर परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें महापौर परिषद् में सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को लेकर निगोसेशन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में श्री नीरज पाल, निगम आयुक्त की ओर से श्री बी.के. देवांगन, निगम सचिव जीवन लाल वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी श्री सुभाष सिंह ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## आयुक्त चौहान निकले स्वच्छता जागरुकता अभियान में

**भिलाईनगर/**स्वच्छ भारत अभियान को नगर निगम भिलाई में जोरो-शोरो से चलाया जा रहा है इस अभियान में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी तों जुड़े ही है निगम आयुक्त के0एल0 चौहान सहित उनका परिवार इस अभियान से जुड़कर लोगों को जागरुक कर रहा है। श्रीमती चौहान स्वयं बच्चों, लड़कियों एवं महिलाओं के बीच पहुंचकर मोबाईल ऐप्प से होने वाली सुविधा के बारे में बता रहीं थी कि भिलाई क्षेत्र में कहीं पर भी कचरा दिखे उसका मोबाईल में फोटो खिचकर स्वच्छता ऐप्प में भेजे निगम द्वारा 24 घंण्टे के अंदर सफाई कर दी जायेगी। जैसे ही सफाई हो जाये मोबाईल ऐप्प के माध्यम से सपोर्ट भी करें। जब तक सब नागरिक स्वयं आगे नहीं बढ़ेगे तब तक अकेले नगर निगम क्या कर सकता है। स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड कराने के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग का दस्ता सूर्या माल में पहुंचकर रात 10 बजे तक स्वच्छता ऐम्बेसडर भीम ऐप्प को लेकर दुकानों के स्टोर में पहुंचकर वहा ग्राहकों से मोबाईल स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड करा रहे थे पीबीआर में चल रहे सिनेमा के मध्यान्तर में भी सूर्या माल के प्रबंधक श्री सिंह के सहयोग से निगम के कर्मचारियों द्वारा कराया जा रहा है। ऐप्प डाउनलोड के दौरान निगम के जोन 03 के आयुक्त बी.के. देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. साहू, अभियंता आलोक पसीने, चन्द्रकांत साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, काउंटर प्रभारी अधिकारी अजय नीलकंठ, सुखविंदर सिंग, आदि उपस्थित रहें।



**स्वच्छता एप डाउनलोड कराने आयुक्त चौहान पहुंचे बैंक परिसर में**

**भिलाईनगर/** स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 के अंतर्गत लोगों को जागरुक करने व स्वच्छता एप डाउनलोड कराने के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान अपने अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ सिविक सेंटर स्थित बैंक परिसर में पहुंचकर उपस्थित बैंक, एलआईसी, के अधिकारियों, कर्मचारियों, एजेंट व आम नागरिकों को मोबाईल एप से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हम आप के पास आयें हैं आप अपने क्षेत्र की सफाई से संबंधित शिकायतें मोबाईल एप के माध्यम से निगम भिलाई तक पहुंचाये हम आप से वादा करते हैं 24 घण्टे के अंदर सफाई कर देंगे। निगम के अधिकारी, कर्मचारी स्वयं आकर जागरुकता अभियान फैला रहें हैं और हम से शिकायत करने के लिए कह रहें हैं हमसब लोग मिलकर सहयोग करेंगे साथ ही बैंक में आने वाले ग्राहकों से मोबाईल एप डाउनलोड करने के लिए कहेंगे। सेन्ट्रल बैंक आॅफ इंडिया के प्रबंधक ने निगम भिलाई के इस प्रयास के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान का पुरे स्टाप के साथ स्वागत किया। हम सब भी चाहते हैं कि स्वच्छता अभियान से जुड़कर अपने नगर के रैंकिंग में सधार करें। वहीं पर आयुक्त के0एल0 चौहान निगम की अतिआवश्यक फाईलों पर हस्ताक्षर भी कर रहे थे जिससे निगम का कार्य भी सुचारु रुप से चलते रहे। भारतीय जीवन बीमा में 85, बैंक आफ बड़ोदा 32, युनियन बैंक 30, सेन्ट्रल बैंक 45, पंजाब नेशनल बैंक 40, स्टेट बैंक आफ इंडिया 56, बैंक आफ इंडिया 17, सिविक सेंटर मार्केट 25, नागरिकों को मोबाईल एप डाउनलोड कराया गया। सभी ने सहयोग करने का संकल्प लिया।



# महापौर देवेन्द्र यादव का चौपाल शीतला तालाब वार्ड में

**भिलाईनगर/** आज महापौर देवेन्द्र यादव रोज की तरह शीतला तालाब वार्ड 6 में चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं से अवगत हुए। चौपाल के दौरान महिलाएं, पुरुष एकत्रित होकर बारी-बारी से अपनी समस्या बताई सिके त्वरित निराकरण के लिए जोन आयुक्त संजय बागड़े निर्देशित किये। ज्यादातर आवेदन स्मार्ट काडर्, राशनकार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, अवैध कब्जा, पानी की समस्या, भैंस खटाल, तालाब सौन्दर्यी व गहरीकरण, आंगनबाड़ी, नाली रोड सफाई से संबंधित था। महापौर देवेन्द्र यादव पानी की समस्या के निराकरण के लिए आदर्श नगर में समरर्सिबल लगाकर तुरंत निराकरण करने को कहा। सुलभ शौचालय में केयर टेकर की व्यवस्था करने और सफाई का समुचित प्रबंध करने को कहा साथ ही महापौर निधि से शीतलाधाम मंदिर में वाटर कुलर लगाने, मकानों से सटकर जा रहे हाई टेंशन तार को हटाने के लिए छ0ग0 इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को पत्र लिखने को कहा। चौपाल के दौरान जोन आयुक्त संजय बागड़े, अभियंता सुनील दुबे, उपअभियंता कनिका, सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक धर्मेन्द्र मिश्रा, उद्यान अधिकारी पी.सी. सार्वा, रामायण सिंह, चन्द्र मिश्रा, राजेश शर्मा, वार्ड के प्रबुद्ध नागरिक चन्द्रशेखर गंवई, केशव चौबे, राधाकांत मिश्रा, बबलू ताम्रकर, लालचंद वर्मा, सुखमती, संध्या देवी, रेणू पटवा, आदि उपस्थित रहें।



# स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड कराने महापौर, आयुक्त पहुंचे कोचिंग सेंटर

**भिलाईनगर/** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में भिलाई निगम को अग्रणी बनाने के लिए मोबाईल ऐप्प डाउनलोड कराने महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के.एल.चौहान जोनल मार्केट सेक्टर 10 डा. संतोष राय कोचिंग सेन्टर, स्नेप फिटनेस जीम पहुंचकर पांच सौ से अधिक छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों को डाउनलोड करवाये। आईसीडब्ल्यु फाईनल ईयर के छात्र अभिषेक कुमार राय ने महापौर देवेन्द्र यादव से पुछा कि मोबाईल ऐप्प डाउनलोड कराने के क्या फायदें है तो महापौर ने बताया कि जिस कार्य को करवाने लिए आपको आवेदन देना पड़ता है उसी कार्य को मोबाईल ऐप्प के माध्यम से निगम को भेजेने से चैबीस घण्टे के अंदर समस्या का समाधान निगम द्वारा किया जायेगा अब जमाना हाई टेक हो गया है हमसब के सहयोग से ही भिलाई को बेहतर रैंक मिलेगा। आयुक्त के.एल. चौहान ने जब बच्चों से पुछा कि भिलाई की जनसंख्या कितनी है और कौन सा शहर स्वच्छता रैंकिंग में पिछले वर्ष नम्बर-01 आया तो कोई भी छात्र ठीक से जवाब नहीं दे पाया इस पर चौहान ने बताया कि हमारी जनसंख्या सात लाख के लगभग है उसमें 1350 कर्मचारी कैसे पुरे शहर को स्वच्छ रख सकतें हैं इंदौर शहर अगर नम्बर-01 बना है तो इसमें सभी नागरिकों की महत्वपूर्ण भागीदारी है जिसमें युवाओं का विशेष रुपे से। आईआईटीएन दिल्ली के अमन कुमार ने पुछा हम किस प्रकार से सहयोग कर सकतें हैं इस पर आयुक्त ने बताया कि आप लोग अपने समस्या का निराकरण होने के बाद मोबाईल ऐप्प के माध्यम से वोटप करें जिससे भिलाई नगर निगम का रैंकिंग बढ़ेगा, जनता की संतुष्टि एवं भागीदारी से ही हम अपने भिलाई को स्वच्छ भिलाई बना सकतें हैं। स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर्स डाॅ. संतोष राय ने अपने छात्रों को रोज 5-5 समस्या का फोटो खिचकर भेजने को कहा।






# अपने घरों का सुखा कचरा नगर पालिक निगम, भिलाई को गिप्ट

**भिलाईनगर/** एक नये अभियान के तहत् अब नगर पालिक निगम, भिलाई घरो से निकलने वाले सुखे कचरे का गिप्ट स्वीकार करेगा । जो कचरा घरों से निकलकर इधर-उधर फेंक दिया जाता है जो उड़कर नाली में पड़ता है उससे नाली जाम होता है, जिसमें प्लास्टिक, रबर, बोतल, शिशी, लकड़ी, लोहा, टीना आदि सड़ता गलता है पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। आज के आधुनिक समाज में घरों से निकलने वाले सुखे कचरे का निष्पादन प्रमुख समस्या बनती जा रही है।

सुखे कचरे का रिसायकल कर उसे दोबारा उपयोग में लाये जाने के लिए आयुक्त के.एल. चौहान सभी जोन के आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये कि अपने-अपने जोन में काउंटर खोले। जिसमें नगर के नागरिक अपने-अपने नजदीकी जोन कार्यालय या मुख्य कार्यालय में आकर गिप्ट पैक बनाकर उसमें नाम, पता, मोबाईल नम्बर के साथ जमा करेंगे, अधिकतम गिप्ट करने वाले परिवार को निगम द्वारा पुरुस्कृत किया जायेगा, यह एक प्रकार का निगम भिलाई की अनोखी पहल है सभी नागरिक जुड़कर सहभागी बनें।

घरों से निकलने वाले गीले कचरे को अपने घर स्तर पर ही कम्पोस्ट खाद बना सकते हैं जिसके बनाने की विधि निगम से सम्पर्क करने पर बताई जायेगी। जो कचरा समस्या प्रदान कर रहा है वही हमारे परिवार के लिए उपयोगी होगा।



# स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के.एल. चैहान ने स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षा विभाग को निगम क्षेत्र के अन्तर्गत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से संपर्क स्थापित कर इस मिशन के अन्तर्गत दिये जाने वाले पुरस्कार के संबंध में व्यक्तिगत मिलकर इसकी जानकारी देवे।

निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारी शिक्षा के द्वारा सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पुरस्कारों हेतु चयन की कार्यवाही नगर पालिक निगम भिलाई की टीम 29 एवं 30 दिसम्बर को शाला समय पर करेगी। सभी संस्था प्रमुखों एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समितियों से अनुरोध है, कि इसमें शामिल होकर सबसे पहले डाउनलोड करें, अस्वच्छता की स्थिति होने पर इसकी एप द्वारा फोटो खींचकर शिकायत करेंगे। समस्त वार्ड पार्षद शाला प्रबंधन समितिया और अन्य जनप्रतिनिधि निम्न बिन्दुओं पर शैक्षणिक परिसरों का मूल्यांकन कर अनुशंसा सहित शिक्षा विभाग नगर निगम मंे प्रतिष्ठियाॅ पे्रषित करेंगे ताकि पुरस्कारों हेतु चयन किया जा सके

पुरस्कार प्रदान करने हेतु संस्था में उपलब्ध संसाधन और उनका रखरखाव, संस्था में कार्यरत सफाई कर्मी, संस्था के कक्षों की संख्या और क्षेत्रफल, संस्था में जल की उपलब्धता व उपयोग, संस्था का स्थापना वर्ष और मरम्मत कार्याे की स्थिति, संस्था की रंगाई पुताई कब-कब हुई है, शौचालयो और मूत्रालयों की संख्या और उपयोग की स्थिति, आसपास के क्षेत्र और आवासीय वातारण का प्रभाव, संस्था प्रमुख की भूमिका जनभागीदारी प्राप्त करने में, संबंधित विभागों से प्राप्त सहयोग की स्थिति। उपरोक्त प्रत्येक बिन्दु पर 10 अंक होगे तदनुसार कार्यवाही से अवगत करावे।

नगर पालिक निगम, भिलाई के प्रभारी शिक्षा अधिकारी ने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के संबंध में सभी शैक्षणिक संस्थाओं में स्वच्छता पर आधारित निबंध लेखन, नारा, स्लोगन, चित्रकारी (पोस्टर) की प्रतियोगितायें आयोजित कर प्रथम और द्वितीय रहे प्रतिभागियों की सूची और उनकी कृतियां 30.12.2017 तक अनिवार्यः शिक्षा विभाग नगर पालिक निगम, भिलाई में जमा करे।

**इस्पात भवन में नगर निगम, भिलाई व भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियों के बीच स्वच्छता सर्वेक्षण पर परिचर्चा हुई ।**

**भिलाईनगर/** आज भिलाई स्टील प्लांट के इस्पात भवन के सभागार में नगर निगम भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान सीईओ भिलाई इस्पात संयंत्र एम0 रवि के साथ भिलाई स्टील प्लांट के 100 से अधिक अधिकारीजनों के बीच स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 पर परिचर्चा हुई । भिलाई को स्वच्छता में किस प्रकार से 10 प्रमुख शहरों में लाया जाये।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में बताये कि शासन द्वारा अलग-अलग प्रकार के मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं डोर टु डोर कचरा हर घर से कलेक्शन, शौचालय की पर्याप्त सुविधा, कोई भी व्यक्ति खुले में मलमुत्र का त्याग न करें, शहर से निकलने वाले कचरे का ठीक ढंग से सेग्रीगेशन हो, सुखा कचरा रीयूज हो, गीले कचरे का खाद बनें, चौक-चौराहे, बाजार, सार्वजनिक स्थल साफ सुथरे हो, सबसे महत्वपूर्ण सर्वेक्षण की भाग है कि आम जनता की भागीदारी, इन सभी पर अलग-अलग नम्बर निर्धारित है इसी के लिए बीएसपी के अधिकारियों को स्वच्छता मोबाईल ऐप्प डाउनलोड किये वे अपने अधीनस्त विभाग के अधिकारियों को भी डाउनलोड करवायेंगे। ईडी प्रोजेक्ट एके माथूर, ईडी एमएम रीता बैनर्जी सहित जनरल मैनेजर, संयंत्र के विभागाध्यक्ष, उच्चाधिकारीगण, नगर सेवा विभाग के उपप्रबंधक एके पति, सीईओ सेक्रेट्रिएट के सहायक, महाप्रबंध डीएल कुमार, पीएचडी से के.के. यादव, आदि उपस्थित रहे।



# शासकीय कर्मचारियों का विदाई समारोह

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम उपायुक्त श्री आर0बी0एस0 चौहान, जोन आयुक्त डी0के0 वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर की उपस्थिति में सेवानिवृत हुए श्री प्रमोद सिंह सेंगर राजस्व निरीक्षक, बी0एन0 तिवारी स्वच्छता पर्यवेक्षक, श्री प्रेमदास, श्री सुकलाल, श्रीमती लगनी बाई सफाई कामगार, को निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर ससम्मान बिदाई देते हुए उनके निवास स्थान पर निगम वाहन से पहुंचाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री चौहान ने कहा कि आप लोगों ने अपने सेवा कार्यकाल में उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपे गये कार्यों का निष्ठा पूर्वक संपादन किया जाता रहा है आप लोगों का व्यवहार अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच मधुर संबंध रहें हैं आप लोग अपने सेवाकाल से सेवानिवृत्त हो रहें है निगम परिवार आप लोगों के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायू होने की कामना करता है आप हमेशा निगम परिवार को अपने पास ही पायेंगे। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा एवं आभार अमरु देवागन ने किया। भावभिनी बिदाई कार्यक्रम में जीवन वर्मा, जलजा आचारी, सहित सैकड़ों की संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई